St. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD
KOLKATA – 700 019

FOR GOD AND COUNTRY

Hindi Grammar : (2nd Term) **(Answer Worksheet –16)** **Date: 05.10.2020**
Topic: अनुच्छेद लेखन **Class -4**

' किसान की आत्मकथा ' विषय पर एक अनुच्छेद लिखो :-

संकेत बिंदु :-

- किसान का परिचय
- किसान का काम
- किसान का परिवार
- किसान का सम्मान

किसान की आत्मकथा

मैं एक किसान हूँ | मैं गाँव की झोपडी में अपने परिवार के साथ रहता हूँ | मैं रात - दिन खेतों में बहुत मेहनत करता हूँ ,जिससे लोगों का पेट भर सकूँ |

मेरा काम सुबह जल्दी शुरू हो जाता है | मैं हल - बैल लेकर सुबह ही खेत में पहुँच जाता हूँ | हल जोतना , फसल रोपना , फसल की देखभाल करना , फसल काटना ये सब मेरे कार्य है | मैं पहुंचाता फसल को बाजार में पहुंचाता हूँ , पर मुझे बहुत काम मेहनताना मिलता है | मैं किसान परिवार में जन्म लेता हूँ और उसी में मर जाता हूँ |

मेरा परिवार भी मेरे साथ खेतों में काम करता है | मेरी पत्नी खेत में मेरे लिए खाना लेकर आती है | मैं सुखी रोटी , प्याज खाकर भी खुश रहता हूँ और रात में बहुत थकने के कारण पूरी नींद लेता हूँ | मैं अपने बच्चो को पढ़ाना चाहता हूँ ,जिससे वह खेतों में आधुनिक यंत्रों का प्रयोग करके अच्छी फसल पैदा करें |

किसान भारत का अन्नदाता है | हमें उसके सुख - सुविधाओं का ध्यान रखना चाहिए और उन्हें पूरा सम्मान देना चाहिए | हर भारतवासी को किसान पर गर्व होना चाहिए - जय जवान ,जय किसान , भारत की शान, भारत की जान |

Poonam Mehra